तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट





स्वास्थ्य मेला का 456 लोगों ने लिया लाभ

4



100 वर्ष का हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ


## खबर संक्षेप



### पीवी ऐप से गिरदावरी एवं डीसीएस सत्यापन कार्य जोरों पर

**बेमेतरा।** जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे डीसीएस का सत्यापन कार्य तेज़ी से जारी है। आधुनिक तकनीक के प्रयोग से पारदर्शिता एवं सटीकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पीवी ऐप के माध्यम से डेटा का सत्यापन किया जा रहा है। जिला प्रशासन की इस पहल के तहत ग्राम मानपुर तहसील नवागढ़ एवं ग्राम तेंदुभाटा नांदघाट तहसील सहित अन्य ग्राम पंचायतों में गिरदावरी और डीसीएस का फील्ड सत्यापन कार्य किया जा रहा है। राजस्व अमला, कृषि विभाग और तकनीकी टीम द्वारा किसानों के खेतों का स्थल निरीक्षण कर फसल की वास्तविक स्थिति की जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से दर्ज की जा रही है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत खेतों का जियो-टैगिंग, फसल की फोटो अपलोडिंग तथा भू-खण्डवार विवरण का वास्तविक समय पर सत्यापन किया जा रहा है। इससे न केवल गिरदावरी डेटा की शुद्धता बढ़ेगी, बल्कि कृषि योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं इनपुट सब्सिडी वितरण में भी सटीक लाभार्थी पहचान सुनिश्चित होगी। कलेक्टर शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक ग्राम में सत्यापन कार्य पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता से पूर्ण किया जाए, ताकि किसानों को भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि पीवी ऐप के उपयोग से अब फसल आंकलन में मानवीय त्रुटियों की संभावना नगण्य रहेगी और डिजिटल रिकॉर्ड भविष्य की योजनाओं के लिए मजबूत आधार बनेगा।

### पुलिस ने 41 लाख के गुम मोबाइल खोजकर निकाले

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में बढ़ते गुम मोबाइल के केस के बीच खुशी की बात यह रही कि दीपावली का त्योहार से पहले दुर्ग पुलिस ने 201 गुम हुए मोबाइल फोन को रिकवर करके उनके मालिकों तक प हुंचाया। दुर्ग एसीसीयू ने 41 लाख रुपए के मोबाइल फोन खोजकर निकाला है। उन्होंने एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट यानि एसीसीयू को गुम हुये मोबाईलों को खोजकर संबंधित मोबाईल स्वामियों को वितरण करने हेतु लगाया। साल 2024-2025 के गुमे हुये मोबाईलों से संबंधित आवेदन के आधार पर अभियान चला कर एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम द्वारा दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा और रायपुर क्षेत्रों में चल रहे कुल 201 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाईलों को फिर से बरामद किया।

## अगले सात दिनों में व्यापार से बाजार होगा गुलजार, ग्राहकों के लिए कई लुभावने ऑफर

# खरीदी का पहला शुभ मुहूर्त पुष्य नक्षत्र आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

सबसे बड़ा पर्व दीवाली का बाजार अंचल में सजकर तैयार है। दीपावली के पांच दिन पहले आज 14 अक्टूबर एवं 15 अक्टूबर को इस साल का पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है। इस तरह आज पुष्य नक्षत्र के साथ इस बार का पहला शुभ मुहूर्त लोगों को मिलने वाला है। इसके बाद अगले सात दिनों में खरीदी के कई अवसर भी मिलने वाले हैं। शहर में ऑटोमोबाइल सेक्टर से लेकर कपड़ा, बर्तन, ज्वेलरी और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में कई आकर्षक ऑफर भी ग्राहकों को खींचने के लिए दिए जा रहे हैं। पंडितों ने बताया कि पुष्य नक्षत्र सभी राशि वालों के लिए सुख-समृद्धि लेकर आ रहा है। इससे सभी राशि को लाभ मिलेगा और शुभता आएगी।

साथ ही इस दौरान की गई हर खरीदी चिर स्थायी होगी। ज्योतिष शाख में इस मुहूर्त को अबूझ मुहर्त भी कहा जाता है। इस मुहूर्त में किए गए सभी काम पूरे तो होते ही हैं। साथ ही बहुत जल्दी उनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं। इस पावन नक्षत्र में लोग नए कार्यों की भी शुरूआत करेंगे। नक्षत्र को लेकर लोगों में जहां उत्सुकता है। वहीं बाजार भी सजकर तैयार हो गया है। लोग अभी से अपनी पसंद के वाहनों, घर-सोने-चांदी के आभूषण समेत अन्य वस्तुओं की बुकिंग भी करवा रहे हैं। इस दिन बाजार में करोड़ों रुपए का व्यापार होगा। जिसमें सभी सेक्टर में जमकर बिक्री होगी।



### ऑफरों से सजा बाजार

व्यापारियों के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स आईटम में ग्राहकों को ढेरो उपहार दिए जा रहे हैं। जिसमें कैश डिस्काउंट मिष्ट वॉजवर एक्सेंज ऑफर सहित कई ऑफर उपलब्ध है। इस समय खरीदारी करने से बहुत लाभ होगा। मार्केट में वॉशिंग मशीन, एसी, एयर प्यूरीफायर, वॉटर प्यूरीफायर, वैक्यूम क्लीनर, गोजर, पये मिक्सर, रेफ्रिजरेटर इंडी होम थिएटर आदि की डिमांड है।

### इस दिन यह योग

14 अक्टूबर- पुष्य नक्षत्र
17 अक्टूबर- सिद्धि राजयोग
18 अक्टूबर धनतेरस
19 अक्टूबर- अमृत सिद्धि योग
20 अक्टूबर- सर्वाथ सिद्धि योग

### गोल्ड की डिमांड पहले जैसी ही

व्यापारी नीरज चांडक ने बताया कि भले ही सोना और चांदी के दाम चढ़ गए हो, लेकिन इसके बाद भी ज्वेलरी की डिमांड पहले जैसी ही है। लोग बढ़े हुए रेट में भी खरीदारी करने के लिए आ रहे हैं। इस हिसाब से धनतेरस और गुरु पुष्य नक्षत्र पर सराफा बाजार में बफर बिक्री की उम्मीद है। कई लोगों ने तो पहले से बुकिंग भी करा रखी है।

### ऑटोमोबाइल बाजार भी तैयार

ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रॉनिकस, रियल स्टेट, सराफा समेत सभी सेक्टरों के लिए खरीदारी का महाकुंभ पुष्य नक्षत्र के साथ होगा। व्यापारी भी बाजार के और भी तेज होने की संभावना जता रहे हैं। वहीं लोगों को अनेक ऑफर की सौगात भी दी जा रही है। कहीं आखन लोन की सुविधा ती कहीं एक के साथ एक फ्री। वहीं गहनों में मेकिंग चार्ज में कुछ छूट तो नया घर के सपनों को पूरा करने पर लाड़ी फर्नीचर समेत अन्य लुभावने ऑफर लोगों को दिए जा रहे हैं।

### पहले दिन पूजा, दूसरे दिन दान-पुण्य

इस बार भी दीवाली दो दिन की है। हालांकि इस साल दीपावली 20 अक्टूबर को ही मनाई जाएगी। 20 अक्टूबर को दोपहर 2.27 बजे अमावस्या शुरू हो जाएगी। इसके बाद प्रदोषकाल व मध्य रात्रि में अमावस्या होने से इस दिन दीपावली और लक्ष्मी पूजन किया जाएगा। 21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि दोपहर 3.56 बजे तक रहेगी। इस दिन पितरों का श्राद्ध एवं दान-पुण्य करना चाहिए। सूर्यास्त के बाद प्रदोषकाल में अमावस्या नहीं होने से इस दिन दीपावली लक्ष्मी पूजा का मुहूर्त नहीं मिलेगा।

## संपत्ति, समेकित सहित जलकर अदा करें बकायादार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने सोमवार को मुनादी सूचना जारी करते हुए कहा कि संपत्ति कर, समेकित कर सहित जलकर वसूली में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बड़े बकायदारों के साथ ही पूरे 21 वार्डों के बकायदारों की सूची तैयार की जाएगी एवं कर अदा नहीं करने वालों पर दीपावली के बाद कार्रवाई की जाएगी। यदि बार-बार अपील करने के बावजूद बकायेदार अपना टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं, तो उनके साथ कड़ाई बरतना जरूरी हो गया है।

नगर पालिका अध्यक्ष सिन्हा ने शहर के नागरिकों को अपील करते हुए अपने घर, दुकान, व्यावसायिक परिसर से निकलने वाले कचरे को प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली ई-रिक्शा वाहनों मे डालने एवं कचरा को खुले में ना फेकने को कहा है, इसके बावजूद बाहर कचरा फेकने वालों पर 500 रूपए का अर्थदंड लगाया जाएगा।

### अवैध कनेक्शनों को 31 अक्टूबर तक कराए वैध

नगर पालिका अध्यक्ष ने नगरवासियों से समय पर जलकर अदा करने की अपील की है वही घरों एवं व्यवसायिक परिसरों में लगे अवैध नल कनेक्शन को 31 अक्टूबर तक कार्यालय में उपस्थित होकर वैध कराने कहा गया है अन्यथा नल कलेक्शन विच्छेद की कार्रवाई करते हुए एक हजार रूपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

### भवन सामग्री रखे व्यवस्थित ताकि यातायात ना हो प्रभावित

सिन्हा ने कहा कि मुख्य मार्ग एवं गलियों में रखे गए भवन निर्माण सामग्री को व्यवस्थित रखें ताकि यातायात प्रभावित न हो अन्यथा भवन निर्माण सामग्रियों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। जो व्यक्ति नगर पालिका से अनुमति के बिना भवन निर्माण करा रहा है, वह तत्काल कार्यालय में उपस्थित होकर भवन निर्माण अनुज्ञा प्राप्त कर भवन निर्माण करावे एवं अर्थदंड से बचे।

## जिले में पटाखा दुकानों के लिए सख्त सुरक्षा एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ आग से बचाव के लिए आवश्यक निर्देश

दीपावली पर्व के मद्देनज़र पटाखा बिक्री के दौरान आगजनी की संभावनाओं को देखते हुए, जिले में संचालित सभी स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों के लिए सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी जारी की गई है। यह एडवाइजरी छत्तीसगढ़ शासन के महानिदेशक अरुण देव गौतम के निर्देश पश्चात कलेक्टर रणबीर शर्मा तथा जिला अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह द्वारा जारी की गई है।

जारी निर्देशों के अनुसार, सभी पटाखा दुकानें किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी या टेंट सामग्री से निर्मित नहीं होनी चाहिए। दुकानों का निर्माण केवल अज्वलनशील सामग्री जैसे टिन शेड या धातु संरचना से किया जाना अनिवार्य है। साथ ही, प्रत्येक दुकान के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी रखी जाए तथा उन्हें एक-दूसरे के सामने नहीं बनाया जाए, जिससे किसी भी दुर्घटना की स्थिति में आग फैलने की संभावना न्यूनतम रहे। दुकानों में प्रकाश व्यवस्था के लिए तेल या गैस के लैम्प तथा खुली बिजली बत्ती का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी प्रदर्शन पर भी रोक लगाई गई है। विद्युत सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि तारों में कोई खुला ज्वाइंट न हो तथा प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा हो, जिससे शॉर्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो सके। दुकानों के समीप ट्रांसफार्मर या हाई टेंशन लाइन नहीं होनी चाहिए।

### परिसर के सामने बाइक या कार पार्किंग प्रतिबंधित

आग से निपटने के लिए प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र अनिवार्य रूप से होना चाहिए, जिसकी मारक क्षमता लगभग छह फीट तक होती है। साथ ही दुकानों के सामने 200 लीटर क्षमता वाले पानी के ड्रम और बाल्टियों की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। दुकान परिसर के सामने किसी भी प्रकार की बाइक या कार पार्किंग प्रतिबंधित होगी, ताकि आपातकालीन स्थिति में रास्ता अवरुद्ध न हो। इसके अतिरिक्त, अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस के फोन नंबर दुकानों के दृश्य स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएं तथा अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान छोड़ा जाए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान इन दिशा-निर्देशों का पालन नहीं पाए जाने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने दुकानदारों से अपील की है कि वे सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, ताकि नागरिक सुरक्षित और हर्षोल्लासपूर्ण दीपावली मना सकें।

## जिले में निकाय स्तरीय खेल महोत्सव आज से

**बेमेतरा।** खेल और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने हेतु सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा निकाय स्तरीय खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आज 14 एवं 15 अक्टूबर स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, बेमेतरा में प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में खेल भावना को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश देना है। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव में नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के प्रतिभागी उत्साहपूर्वक हिस्सा लेंगे। आयोजन के दौरान कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, गेड़ी दौड़, रस्साकस्सी, व्हॉलीबॉल जैसे खेलों की प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागी अपने-अपने वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रातः 8 से 10 बजे के मध्य स्टेडियम पहुंचकर अपना पंजीयन सत्यापन अवश्य कराएं। सत्यापन नहीं कराने की स्थिति में प्रतिभागियों को खेल प्रतियोगिता से वंचित किया जा सकता है। गेड़ी खेल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपनी स्वयं की गेड़ी साथ लेकर आएं, क्योंकि आयोजन समिति द्वारा गेड़ी की व्यवस्था नहीं की जाएगी। आयोजन समिति ने प्रतिभागियों से अनुरोध किया है कि वे समय का पालन करें, खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें और अनुशासन बनाए रखें। खेल महोत्सव के सफल संचालन हेतु नगर पालिका परिषद बेमेतरा द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं-जैसे पेयजल, प्राथमिक उपचार, खेल सामग्री और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित ▸▸| शेष पेज 04 पर

## समर्पण ग्रुप ने प्राथमिक स्कूल में वॉटर कैन एवं चटाई प्रदान की



**बेमेतरा।** जिले के महिला शिक्षकों द्वारा बनाए गए समर्पण ग्रुप के माध्यम से बेमेतरा विकासखंड के प्राथमिक शाला ओटेबंद में प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए उपयोगी वॉटर कैन एवं बैठने के लिए चटाई प्रदान की गई है। समर्पण ग्रुप की संयोजिका आंचल वर्मा एवं भुनेश्वरी शर्मा द्वारा ओटेबंद शा प्रा शाला के प्रधान पाठक रामखेलावन वैष्णव को स्कूल में सामग्री सौंपी गई। इस अवसर पर प्राथमिक शाला कंतेली की प्रधान पाठिका शीतल राजपूत भी उपस्थित थी। शासकीय प्राथमिक शाला ओटेबंद के प्रधानपाठक रामखेलावन वैष्णव ने समर्पण ग्रुप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रुप के द्वारा प्रदत्त वॉटर कैन एवं चटाई शाला में बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी है। इससे प्राथमिक स्तर के बच्चों को पेयजल निकालने में सुविधा होगी। वॉटर कैन में नल की टोटी लगे होने से पानी की स्वच्छता बनी रहेगी। समर्पण ग्रुप का यह एक छोटा सा प्रयास ग्रामीण अंचल के स्कूलों के लिए बहुत ही उपयोगी है। समर्पण ग्रुप का कार्य सराहनी है और सदस्यों को उन्होंने साधुवाद दिया।






### आरएसएस ने शहर में किया पथ संचलन पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

# भारतीय संस्कृति और सभ्यता के उत्थान के लिए आगे आए युवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शहर में जिला स्तरीय पथ संचलन निकाला गया। इस पथ संचलन में जिलेभर से आए स्वयंसेवक शामिल हुए। पथ संचलन की शुरुआत कृष्ण विहार कॉलोनी से होकर गुरु गोविंद सिंह चौक, परशुराम चौक, जय स्तंभचौक, पियर्स चौक, प्रताप चौक होते हुए कृष्ण विहार कॉलोनी में समापन हुआ। इस दौरान कई स्थानों पर स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

मुख्य वक्ता प्रांत कार्यवाहक श्रीराम मुरारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता उत्थान के लिए युवा आगे आएं। राष्ट्र निर्माण में सभी आहुति दें। हिंदुओं को संगठित करने के लिए आरएसएस अहम भूमिका निभा रहा है। अध्यक्षता शंकर लाल शर्मा ने की। इस अवसर पर नगर कार्यवाह नीलेश साहू, गुलाब साहू, राजेंद्र शर्मा, विनोद यादव, सत्यवान वर्मा, आयुष साहू, छत्रपाल साहू, राजकुमार, हर्षवर्धन तिवारी, आदित्य राजपूत, शिवम तिवारी,अमरिका निर्मलकर, नालेश्वर साहू, जोगेंद्र साहू, डॉ. लालाराम साह, राजेश सहित अन्य स्वयंसेवक शामिल रहे।



### केसरिया ध्वज को नमन किया

पथ संचलन के लिए रवाना होने से पहले सभी स्वयंसेवकों ने आरएसएस के श्रद्धा के प्रतीक केसरिया ध्वज को नमन करने के साथ संघ की प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि, त्वया हिन्दू भूमे का गायन किया। स्वयंसेवकों ने गणवेश खाकी पेंट, सफेद शर्ट, काली टोपी, काले जूते और काली बेल्ट वाली वेशभूषा में पंक्तिबद्ध हुए। जिसके बाद घोष की धुन पर वहां से पथ संचलन के लिए रवाना हुए।

### धर्मांतरण के विरुद्ध सारे समाज को खड़े होने की आवश्यकता : सिन्हा

इस अवसर पर स्वयंसेवक विजय सिन्हा ने कहा कि धर्मांतरण के विरुद्ध सारे समाज को खड़े होने की आवश्यकता है। परम पवित्र भगवा ध्वज की रक्षा के लिए हम सब को आगे आना ही पड़ेगा। छत्तीसगढ़ एक शांति प्रिय प्रदेश रहा है किंतु कुछ समय से धार्मिक उन्माद फैल रहा है। राष्ट्र की अस्मिता से कोई समझौता नहीं करता चाहिए। धर्मांतरण से केवल व्यक्ति ही नहीं राष्ट्र अंतरण भी होता है। धर्म का ध्वज भगवा ध्वज है। जिसके अपमान को हम नहीं सहेंगे।

8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नाकोत्तर पास छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए

# फायर एवं सेफ्टी औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ

## (2025-2026)



## AVAILABLE COURSES

- Fire Technology & Industrial Safety
- Industrial Safety Management
- Health Sanitary Inspector
- Sub Fire Officer
- B.sc in Fire, safety
- PG in Fire Technology & Industrial Safety
- Certificate in Fireman
- (PDIS) POST DIPLOMA in Industrial safety
- (ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety







गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए
प्रशिक्षण शुल्क में छूट

एडमिशन हेल्पलाइन :
76972-12782

# फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैंनेजमेंट इंस्टीट्यूट

FSDMI
अहं अस्मि रक्षकः

मान्यता प्राप्त संस्था | भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) | निजी प्रशिक्षण संस्थान

1- FSDMI कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
2- FSDMI कैंपस :- प्लॉट नंबर 766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023

fsdmi cg | fsdmi bhilai | fsdmi_bhilai

12 वर्षों से आपकी सेवा में

## खबर संक्षेप

### युवती लापता गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

दुर्ग। पुलगांव थाना अंतर्गत रहने वाले परिजनों ने अपनी 19 वर्षीय बेटी के लापता होने की सूचना दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 10वीं तक पढ़ी है और छत्तीसगढ़ी बोलती है। वो 10 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे घर से बिना किसी को कुछ बताए निकली थी। उसके बाद से घर वापस नहीं आई है। उन्होंने आस पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां पता किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उन लोगों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस युवती की तलाश में जुट गई है।

### मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले गिरफ्तार

दुर्ग। दुर्ग पुलिस को मोबाइल दुकान में चोरी करने के प्रकरण में सफलता मिला है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान जब्त किया है। दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अमरूद लाल ब्यास पिता कुन भाई ब्यास (48 साल) निवासी सरकारी बैंक के पीछे नगपुरा चौकी ने बीते 11 अक्टूबर को चौकी नगपुरा में उसकी मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि अज्ञात आरोपी उसकी दुकान में लगे शटर के सेंटर लाक को तोड़कर अंदर से विभिन्न कंपनी के 14 मोबाईल और स्क्रीन गार्ड 1 पैकेट कीमती करीबन 150000 रुपए चोरी करके ले गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें पता चला कि बीते 10 अक्टूबर की रात 8 बजे से लेकर अगली सुबह 6 बजे के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। मामलें में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये संदेह के आधार पर संदेही विजय यादव (19 साल) निवासी नगपुरा, टोमन साहू उर्फ डायमंड (18 साल) निवासी सिकोला बस्ती थाना मोहन नगर और घटना में शामिल एक अपचारी बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया।

## पेज 3 का शेष

### जिले में निकाय ...

किए गए हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, स्थानीय खेल अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और खेलों की इस जनभागीदारी में शामिल होकर "फिट इंडिया, यंग इंडिया" के संकल्प को साकार करें।

# जिला मुख्यालय सहित अंचल में सुआ नृत्य और गीत की धूम

## नन्हीं बालिका एवं महिलाओं की टोली प्रतिष्ठानों एवं घरों में जाकर दे रही है प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जगमग रोशनी के महापर्व दीपावली के नजदीक आते ही हर वर्ग इसे धूमधाम से मनाने की तैयारी में जुट गए हैं। जिला मुख्यालय में दीपावली पर्व में व्यापारी वर्ग अच्छे व्यवसाय की उम्मीद लिए ग्राहकों की आस में अपने दुकानों में पर्व को चार चांद लगाने वाले वस्तुओं को सजाकर बैठे हैं, वहीं कुम्हार वर्ग भी मिट्टी के दिए सहित अन्य सामानों के साथ अच्छे व्यवसाय की उम्मीद लगाए हुए हैं। पर इसी बीच जिला मुख्यालय में अंचल की प्यारी प्यारी बेटियां व महिलाएं पारंपरिक सुआ नृत्य एवम तरी हरी नाना मोर सुआ ना की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए प्रतिष्ठानों व घरों में जाकर अपनी परंपरा का निर्वहन कर रही है। उल्लेखनीय की छत्तीसगढ़ में सुआ नृत्य की मोहकता ,दीपावली त्यौहार में महकती है। नन्हें नन्हें बालिकाओं की टोली हर गली मोहल्ले में सुआ नृत्य करते हुए छत्तीसगढ़ की इस परंपरा के वजूद को बरकरार रख रहे हैं इस दौरान प्रतिष्ठानों एवं घरों के लोग उन्हें भेंट स्वरूप इनाम भी दे रहे हैं और सुआ गीत प्रस्तुत करने वाले बालिकाओं एवं महिलाओं से आशीष ले रहे हैं। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में परंपराओं की महकती बगिया है, जहां लोकगीतों की रसदार बहती है लोकगीतों के इसी पावन गंगा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की स्पष्ट झलक दृष्टिगत होती है। छत्तीसगढ़ में लोकगीतों की समृद्धि परंपरा कालांतर से लोक मानस के कंठ कंठ में तरंगित रही है, जिसमें भोजली, गौरा गौरी, सुआ व जसगीत त्योहारों में गाए जाने वाले लोकगीतों के साथ ही कर्मा, दादरिया, बांस,पंडवानी जैसे सदाबहार लोकगीत छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में गूंजता रहता है। इन गीतों में यहां के सामाजिक जीवन व परंपराओं को भी परखा जा सकता है, जिसमें छत्तीसगढ़ी लोकगीत सुआ जिसे परंपरा के रूप में सदियों से यहां की नारियां गाती आ रही है।



### दीपावली के आगमन के पूर्व से गाया जाता है सुआ गीत

प्रतीकात्मक रूप से सुआ मिट्टी से निर्मित हरे रंग के तोते ने ले लिया, संपूर्ण छत्तीसगढ़ में दीपावली के पूर्व से गाई जाती है, जो देवउठानी एकादशी तक अलग-अलग परंपराओं के अनुसार चलती है। सुआ गीत गाने की अवधि धान के फसल के खलिहानों में आ जाने से लेकर उन्हारी फसलों के परिपक्वता के बीच का ऐसा समय होता है, जहां कृषि कार्य से कुछ वक्त के लिए विश्राम मिलता है। सुआ सामूहिक गीत है, जिसे छत्तीसगढ़ की नारियां मिट्टी से निर्मित सुआ को एक टोकरी के बीच में रखकर वृताकार के रूप में खड़ी होती है। महिलाएं सुआ की ओर ताकते हुए, झुक झुक कर चक्कर लगाते हैं। ताली बजाकर नृत्य करते हुए सुआ गीत को गाते हैं।

## शिविर : जिले के भोईनाभाटा में आयुष विभाग का निशुल्क स्वास्थ्य मेला

# स्वास्थ्य मेला का 456 लोगों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

आयुष विभाग ने रजत जयंती वर्ष के अवसर पर ग्राम भोईनाभाटा में एक दिवसीय जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य आमजन को आयुर्वेद पद्धति के मूल्यों से जोड़ना तथा स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के पवित्र दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ हुआ। विधायक प्रतिनिधि राजू देवांगन एवं जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, युगल देवांगन मंडल अध्यक्ष एवं ग्राम सरपंच ज्योति गायकवाड़ द्वारा भगवान धन्वंतरि का पूजन कर मेले का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक दीपेश साहू का संदेश प्रतिनिधि श्री देवांगन द्वारा पहुंचाया ओर "अपने संबोधन में राजू देवांगन ने कहा की "आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि यह भारतीय जीवन दर्शन का आधार है। आज जब आधुनिक जीवनशैली में रोग बढ़ रहे हैं, तब हमें पुनःअपने पारंपरिक और प्राकृतिक उपचारों की ओर लौटना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में 'स्वस्थ भारत - विकसित भारत' का संकल्प आयुष पद्धति से ही साकार होगा।"उन्होंने आगे कहा कि आयुष विभाग द्वारा ग्रामीण अंचल में इस तरह के आयोजन अत्यंत सराहनीय हैं, जो आम नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाते हैं। योग नित्य प्रदर्शन हेतु कुमारी हेमलता यादव, कुमारी प्रिया साहू, एवं चित्र यादव को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर डॉ. अभिजीत झा, डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, डॉ. चिरंजीवी वर्मा, डॉ. विकास जैन, डॉ. अनुप गौतम, डॉ. पंकज दुबे, डॉ. भूमिका साहू, सहित फार्मासिस्ट राकेश यदु, डाकेश्वर साहू, सत्येंद्र जांगड़े, अजय देशमुख, दीपिका साहू, किरण उपाध्याय, राहुल यादव, नीलमणि देवांगन, कृष्ण कुमार, प्रीतम पटेल, हेमलता मरकाम, होरीलाल यादव, जीवन ठाकुर एवं जिला चिकित्सालय बेमेतरा के स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं।



### जांच में 80 मरीज बीपी एवं शुगर के मिले

इस दौरान स्वास्थ्य लाभ और सेवाएं इस निःशुल्क शिविर में विभिन्न रोगों की जांच एवं उपचार के साथ-साथ रोगानुसार औषधि वितरण, शुगर जांच, नेत्र जांच, रक्तचाप जांच (बीपी), योग नित्य प्रदर्शन, आईसी गतिविधियां तथा आयुष काढ़ा वितरण किया गया। इस शिविर में कुल 456 रोगियों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिला। 25 मरीज नेत्र रोग से संबंधित पाए गए, जबकि 80 मरीजों में बीपी एवं शुगर की समस्या पाई गई। डॉ. वीणा मिश्रा, जिला आयुष अधिकारी ने आयुर्वेद विभाग की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी और सभी नागरिकों से आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया। डॉ. सतीश देवांगन ने उपस्थित ग्रामीणजनों को योग, प्राणायाम, दिनचर्या एवं ऋतुचर्या पालन के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। सम्मान एवं प्रोत्साहन आयुष विभाग बेमेतरा द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु डॉ. लतिका देवांगन एवं डॉ. स्वाति शर्मा को सम्मानित किया गया। साथ ही अधिनिष्ठ कर्मचारी चैन सिंह पैकरा (फार्मासिस्ट) एवं मंसाराम पैकरा (फार्मासिस्ट) को भी उनके समर्पित योगदान हेतु सम्मान प्राप्त हुआ।

# स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर में हुआ शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन



**नवागढ़।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल, नवागढ़ में शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, त्रैमासिक परीक्षा परिणाम, शैक्षणिक उपलब्धियां एवं उनकी कमजोरियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर अभिभावक धनीराम निर्मलकर ने कहा कि वही विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करता है जो लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करता है। उन्होंने मोबाइल और मल्टीमीडिया के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों से आग्रह किया कि छात्रों के पाठ्यक्रम में स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) की प्रक्रिया को शामिल किया जाए, जिससे छात्र आत्मनिर्भर बन सकें और समाज व राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकें। विद्यालय प्रमुख विरेंद्र जायसवाल एवं प्रबंधक सीमा जायसवाल ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों की भी अहम भूमिका होती है।

इस अवसर पर पालकगण किशन यादव, रामनिहोरा साहू, लक्ष्मीकांत ठाकुर, लवकुमार, सियाराम ध्रुव, मुरारी साहू, विकास देवांगन, संजय साहू, नरेश कुमार साहू, चंद्रप्रकाश, सत्यवती, प्रभा, मधु रजक, जरीना, शांति गोस्वामी, ईश्वरी यादव, चंद्रकली यादव सहित विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

# वीरेश सिंह बने कन्नौजिया नवागढ़ परिक्षेत्र के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

■ उपसमिति के चुनाव में विकास सिंह को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

सामाजिक एकता और संगठन की शक्ति का सुंदर उदाहरण रविवार को ग्राम गाड़ामोर में देखने को मिला, जहां कन्नौजिया क्षत्रिय समाज नवागढ़ उपसमिति का चुनाव उत्साह, सौहार्द्र और पारदर्शिता के साथ हुआ। गांव में सुबह से ही सामाजिक सदस्य भारी संख्या में एकत्रित हुए और लोकतांत्रिक ढंग से अपने नए प्रतिनिधियों का चयन किया। चुनावी प्रक्रिया का संचालन पर्यवेक्षक मानस प्रताप सिंह बैस एवं मनीष सिंह परिहार के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से ढंढनी निवासी ठाकुर वीरेश सिंह श्रीनेत को नवागढ़ परिक्षेत्र का अध्यक्ष चुना गया। उनके नेतृत्व में समाज के युवाओं और वरिष्ठों ने एकजुट होकर संगठन को नई दिशा देने का संकल्प लिया। उपाध्यक्ष पद पर विकास सिंह राठौर, लक्ष्मीकांत सिंह एवं पलक सिंह का चयन हुआ। सचिव पद की जिम्मेदारी श्रीकांत सिंह को सौंपी गई, जबकि मनीष सिंह दीक्षित (वकील, बेमेतरा) को संगठन सचिव के रूप में मनोनीत किया गया।



ग्राम स्तर पर नेतृत्व की जिम्मेदारी भी तय की गई, जिसमें गाड़ामोर से सुभाष सिंह राठौर, नवागढ़ से रघुनायक सिंह, बेमेतरा से विकास भुवाल तथा ढंढनी से राजेन्द्र सिंह को ग्राम प्रमुख के रूप में दायित्व सौंपा गया। समाज के समर्पित कार्यकर्ताओं कल्याण सिंह, लालबहादुर सिंह, पृथ्वीराज सिंह, विनय सिंह, संत किशोर सिंह, संजय सिंह एवं दिवाकर सिंह को उपसमिति की कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया।

चुनाव के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने संगठन में नई ऊर्जा और नेतृत्व के प्रति संतोष व्यक्त किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज की एकता, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने जयघोष करते हुए नए नेतृत्व का स्वागत किया और भविष्य में समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का प्रण लिया।

# 100 वर्ष का हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**थानखम्हरिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर में रविवार को शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया। पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ किया गया, जो मुख्य मार्गों से निकाला गया और लोगों को राष्ट्र के प्रति निष्ठा, समर्पण, अनुशासन का बोध कराया। पथ संचलन का जगह-जगह माताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

संघ के दुर्ग विभाग बौद्धिक प्रमुख मुख्य वक्ता माननीय श्री राम मुरारी जी, महंत वसंत बिहारी दास, हेमंत साहू खंड कार्यवाह के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री राम मुरारी ने कहा कि शताब्दी वर्ष स्वयं सेवकों के लिए उत्सव का पर्व है। संघ ने तमाम आपदाएं झेली हैं। आपत्तियों, विपत्तियां, संकटों का सामना करते हुए विशाल वट वृक्ष के रूप में खड़े होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि संघ को समझने के लिए सभी को शाखा में जाने की जरूरत है। उसके बाद राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक अनुशासन में पथ संचलन निकाला। घोष की धुन पर पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में भाग लिया। बड़ी संख्या में स्वयंसेवक व्यवस्था में लगे रहे। पथ संचलन को देखने के लिए लोग सड़क किनारे उमड़ पड़े। ग्रामीण अंचल से भी स्वयंसेवकों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन राकेश जोशी एवं जगराखन मण्डावी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से साजा विधायक ईश्वर साहू, पं. ओमप्रकाश जोशी, चंदन अग्रवाल, राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, पुरुषोत्तम सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, रामबिलाश शर्मा, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य लखन साहू, राजेश राजपूत, युवराज साहू, देवकुमार ताम्रकार, मुन्ना सिंघानिया, राजेश सिंघानिया, चेतन सिन्हा, टीकम अग्रवाल, सरिता जैन, रेखा शर्मा, नमिता सिन्हा आदि उपस्थित थे।



समक्ष - श्रीमान शाखा प्रबंधक महोदय भारतीय जीवन बीमा निगम राजनांदगाँव (छ.ग.)

**शपथ-पत्र**

मैं रामसोहागील यदु पिता कन्हैया यादव उम्र 43 वर्ष जाति ठेठवार निवासी ग्राम नवागाँवगहिरा पो. चिल्फी तहसील साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूं जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे नाम से आपकी शाखा भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा राजनांदगाँव (छ.ग.) मे एक पॉलिसी चल रहा है जिसका पॉलिसी नं. 386745001 है, जिसमे मेरा नाम मोहित यादव दर्ज हो गया है।
3. यह कि मेरा वास्तविक नाम आधार कार्ड नं. 3618 0492 6733 पर दर्ज है।
4. यह कि उपरोक्त पॉलिसी पर मेरा नाम रामसोहागील यदु सुधार करवाना चाहता हूँ जो आधार कार्ड पर दर्ज है उपरोक्त कथन यदि गलत पाया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।

अतः उपरोक्त पॉलिसी पर दर्ज मोहित यादव के स्थान पर रामसोहागील यदु सुधार करने हेतु यह शपथ पत्र आप श्रीमान के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

**सत्यापन**

मैं यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कण्डिका क्र. 01 से 04 तक की समस्त कथन मेरे स्वंय की जानकारी से सत्य एंव सही है। जिसे आज दिनांक 13.10.2025 को स्थान साजा में गवाह के समक्ष हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**स्थान-साजा** **शपथकर्ता रामसोहागील**

# गोल्ड मेडल जीतकर डीएवी जांता की कबड्डी टीम नेशनल के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के संभाग स्तरीय तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता नकटी सेमरा जगदलपुर के तत्वावधान में हुई। सभी जिलों से 96 स्कूलों के लगभग 1000 छात्र-छात्राओं ने 30 खेलों में हिस्सा लिया। खेत प्रतियोगिता का उद्घाटन वन मंत्री केदार कश्यप ने किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बस्तर रेंज के आईजी पी सुंदरराज रहे। विशिष्ट अतिथि डीएवी संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रमुख रीजनल ऑफिसर, प्रशांत कुमार उपस्थित रहे। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें अंडर 17 कबड्डी बालिका फाइनल में क्लस्टर 2 डी एवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उल्नार को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए और नेशनल दिल्ली ले चयनित हुए अपने माता-पिता, स्कूल व बेमेतरा जिले का नाम रोशन किया।



**खेल से मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है:** छत्तीसगढ़ डीएवी प्रमुख रिजनल ऑफिसर प्रशान्त कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सभी जिलों के बच्चों को उत्साहित किए साथ ही सभी बच्चों को अपने उद्बोधन के माध्यम से बताया कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए खेल से हमारा मानसिक ,शारीरिक व बौद्धिक गुणों का विकास होता है तथा विभिन्न प्रकार के खेल में हार और जीत तो लगी रहती है, डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों को प्रमुख रूप से सर्वांगीण विकास के साथ आगे बढ़ाना मेरा एक सपना है व इन स्कूलों के सर्वांगीण विकास के लिए यह विभिन्न प्रकार के खेलों में जुड़ाव देखने को मिल रहा है वास्तव में डीएवी स्कूलों व डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर यह खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर यह साबित कर दिया है कि मुख्यमंत्री स्कूलों के विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि हम किसी से कम नहीं है। राज्य स्तरीय तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के क्लस्टर एक के क्लस्टर इंचार्ज प्रमुख डॉ. बी पी साहू ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दिए स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में कक्षा बारहवीं से प्रीति, कक्षा ग्यारहवीं से दामिनी, जानकी, दिलेश्वरी, दसवीं से अंजू, रागिनी, राधा, निशा, नवमी से उर्मिला व सातवीं से सुनीता ने अपने जीत का श्रेय अपने माता-पिता, प्राचार्य, शिक्षक सहित स्कूल खेल शिक्षक अखिलेश पटेल को दिया।

# सेवा सहकारी समिति संघ के तिवारी अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

■ समिति अध्यक्षों की बैठक में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए

संजीव तिवारी, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष संघ का निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित रेस्ट हॉउस सभा गृह में बेमेतरा जिले के 102 सेवा सहकारी समिति मर्या. के अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें समितिके अध्यक्ष एवं अंजनी प्रीतम चंदेल सभापति जिला पंचायत बेमेतरा तथा खोरबाहर साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़ की उपस्तिथि में बैठक आयोजित हुआ। जिसमें सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष (प्राधिकृत) संघ के बेमेतरा जिला अध्यक्ष पद के लिए संजीव तिवारी को सर्व सम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर प्रहलाद वर्मा बांसा, सोमेश दुबे कुरदा, त्रिलोकी साहू मोहगांव, कोषाध्यक्ष पद पर दोहाई लाल वर्मा बेमेतरा, सचिव संतोष पूरी गोस्वामी, सह सचिव भागीरथी साहू कंतेली, सयुंक्त सचिव जगदीश वैष्णव, सलाहकार यशवंत वर्मा गोडगिरी, फागुराम साहू सोमाइकला, टार्जन साहू गूंजेरा, कार्यकारणी सदस्य कन्हैया वर्मा सोड़, सुनील राजपूत मोहभट्ठा, तोशु वर्मा कांपा, राजेश दुबे परपोड़ी, राजाराम ठाकुर मजगॉव, मनीष जायसवाल,नंदनी पटेल कोंगीयाकला सभी निर्विरोध निर्वाचित किये गए है। सभी पदाधिकारियो को गुलाल से तिलक एवं पुष्प हार पहनाकर सभी समिति अध्यक्ष ने स्वागत किया तथा बधाई दी। अंजनी प्रीतम चंदेल ने उदबोधन में पहले सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनायें दिया एवं समिति के कार्य को संगठित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पूर्व सहकारी समिति जिला अध्यक्ष प्रकाश वर्मा ने अपने कार्यकाल के अनुभव से सभी सदस्यों को समिति की व्यापार में वृद्धि तथा कृषक की समास्यो का समाधान के लिए कार्य करने पर जोर दिया। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री संजीव तिवारी ने सभी समिति अध्यक्षों को उन पर विश्वास के लिए धन्यवाद दिया एवं समिति में कोई भी समस्या होने पर साथ में निराकरण करने का आश्वासन दिया। धान खरीदी कार्य, खाद की व्यवस्था में कंधे से कंधे मिलाकर कार्य करने को कहा साथ ही समिति की ऋण व्यवसाय में वृद्धि, समिति में संचलित अन्य सेवाएं माइक्रो ए टी एम, सी एस सी आदि कार्यों के लिए कृषक सदस्यों को जानकारी देकर समिति के कार्य व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष प्रबल सिंह ठाकुर, मोहन वर्मा, लव कुमार साहू, कमल किशोर राठी, बिसन साहू, कन्हैया वर्मा, यशवंत वर्मा सुंदर यादव,पवन कुमार लोधी, लव कुमार पटेल, गयाराम चंद्राकर, तुकाराम साहू, दीनदयाल साहू, सोनसिंह राजपूत, नेतराम परघानिहा, त्रिलोचन वर्मा, भावसिंह साहू एवं अन्य सभी समिति के अध्यक्ष गण उपस्तिथ रहे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक


Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-9165 411411